# हरियाली अमावस्या पर लगा ऐतिहासिक कल्पवृक्ष मेला

- महिलाओं ने की राजा-रानी की पूजा
- घर-परिवार में सुख समृद्धि की कामना कीघर-परिवार में सुख समृद्धि की कामना की

**अजमेर,** (कासं)। सावन मास की हरियाली अमावस्या पर शहर के निकटवर्ती ग्राम मांगलियावास में श्रावण बदी अमावस्या (हरियाली अमावास्य) पर गुरुवार को ऐतिहासिक कल्पवृक्ष धार्मिक मेला भरा, इसके साथ ही आंतेड़ मंदिर, पुलिस लाइन, महाराणा प्रताप नगर कोटड़ा, वैशाली नगर चौरसियावास रोड, आदर्श नगर व रामगंज सहित अन्य क्षेत्रों में महिलाओं ने कल्पवृक्षों की उद्यानों व मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर घर-परिवार में सुख समृद्धि की कामना की।

**कल्पवृक्ष का मेले में उमड़ी श्रद्धालु की भीड़ :** हरियाली अमावस्या के मौके पर गुरुवार को मांगलियावास में कल्पवृक्ष मेला धूमधाम से भरा। मेले में करीब डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने कल्पवृक्ष के पवित्र जोड़े की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी और मेले में लगे झूले चकरी का आनंद लिया। कल्पवृक्ष पर अलसुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना शुरू कर दी। श्रद्धालुओं ने राजा, रानी व राजकुमार के पवित्र वृक्षों को शुद्ध जल से सींचा। कुमकुम, रोली, अक्षत, मिष्ठान, नारियल वस्त्र भेंटकर पूजा अर्चना की। कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर तथा सुहागिनों ने अपने सुहाग के लम्बे जीवन की कामना की। मौली पाग बंधने से वृक्ष का तना ढंक गया तथा वहां पूजा सामग्री का ढेर लग गया। मेला अवसर पर दर्शनीय स्थल राधा-कृष्ण हनुमान मंदिर में प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया। मेले में ब्यावर व अजयमेरू आगार की ओर से मेला स्पेशल बसें लगाकर आवागमन में सुविधा जुटाई गईं। मांगलियावास के कल्पवृक्ष मेले के साथ ही प्रदेशभर में मेले भरने का क्रम शुरू हो गया। गौरतलब है कि कल्पवृक्ष मेले के साथ ही राजस्थान में भरने वाले मेलों का शुभारंभ हो जाता है। वहीं पुष्कर मेले के साथ मेलों का समापन होता है। मेले में ब्यावर, अजमेर, बिजयनगर, किशनगढ़, पीसांगन, पुष्कर, सरवाड़, केकड़ी, मसूदा के अलावा अन्य राज्यों से करीब डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला ग्राउंड में झूले, दुकानें और अन्य मनोरंजन की सामग्री लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

**प्रशासनिक निगरानी और पुलिस बंदोबस्त :** मेला समिति के सदस्यों द्वारा व्यवस्थाएं बनाए रखने की जिम्मेदारी संभाली। मेले के शांतिपूर्ण संचालन के लिए विशेष पुलिस बल की तैनात रहा। साथ अजमेर और ब्यावर रोडवेज डिपो को अतिरिक्त बसें भी चलाई गई। रेलवे प्रशासन द्वारा अजमेर से मारवाड़ जंक्शन तक चलने वाले शटल में अतिरिक्त कोच लगाए गए।

**शहर भर में पूजा अर्चना व दान-पुण्य का दौर :** शास्त्री नगर विस्तार स्थित पार्क 4 में महिला मंडल द्वारा हरियाली अमावस्या को कल्पवृक्ष की पूर्जा अर्चना की विभिन्न प्रकार के पौध लगाए एवं सावन के भजन गीतों पर जम कर नृत्य किया। डॉ. सुनीता तंवर ने बताया कि महिलाओं ने कल्पवृक्ष की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं ने पार्क में पौधारोपण भी किया। महिलाओं न भजन कीर्तन पर नृत्य किया। इस अवसर पर राधा रानी, रानी सक्सेना, शीला मिश्रा, अभा विजयवर्गीय, कृष्णा टाक, आशा तिवारी, रेखा मिश्रा, अनुसूइया, विभा मिश्रा, पुष्पा माथुर, मधु चौधरी, सरोज शर्मा, सूरजकांता मंगल, कौशल्या यादव, निशा अरोड़ा, सुशीला रामकृष्ण, प्रेम दिवाकर आस्था अग्रवाल आदि महिलाओं ने भाग लिया। पंचशील स्थित कांजी हाउस, श्रीपुष्कर आदि गोशाला बड़ी नागफणी, आनन्द गोपाल गोशाला में श्रद्धालुओं ने गायों के लिए हरा चारा दान किया तो वहीं शहरी क्षेत्र की कई स्थानों कॉलोनियों में भी गौवंश को चारा, हरी सब्जियां, गुड़ बांटा खिलाया गया।

## आसींद में शिक्षा नवाचार पर दो दिवसीय

**आसीन्द,** (निसं)। आसींद ब्लॉक के प्रतापपुरा स्थित शहीद खमाण लाल गुर्जर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार से दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय वाक्पीठ शुरू हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोधा का खेड़ा पंचायत बोरला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधान शामिल हुए।कार्यक्रम का उद्घाटन आसींद नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी अर्जुन लाल बुनकर, भाजपा ठाामीण मंडल अध्यक्ष फौजमल गुर्जर, नगर भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह और भंवरलाल सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ने शिक्षकों से संवाद के दौरान आसींद क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नए नवाचारों की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने प्राइवेट क्षेत्र के शैक्षिक संसाधनों के बारे में भी जानकारी साझा की।

## कारगिल विजय दिवस समारोह में आमंत्रित किया

**आसींद,** (निसं)। गौरव सेनानी कल्याण समिति के सदस्यों ने नवपदस्थापित उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह का गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर समिति के पूर्व सैनिकों ने श्री सिंह को आगामी 26 जुलाई को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर परमजीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने श्री सिंह को उनकी नई नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें समिति द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों से अवगत कराया। इस दौरान, पूर्व सैनिकों ने देश सेवा में अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि कैसे गौरव सेनानी कल्याण समिति पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। समिति के सदस्यों ने आगामी 26 जुलाई को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा की। यह दिन भारतीय सेना की कारगिल युद्ध में ऐतिहासिक जीत और वीर शहीदों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। पूर्व सैनिकों ने उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह को इस महत्वपूर्ण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में या अपनी उपस्थिति से शोभा बढ़ाने के लिए हार्दिक निमंत्रण दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ेगी और युवा पीढ़ी को देश भक्ति के लिए प्रेरित करेगा। वही इस मौके पर गौरव सेनानी कल्याण समिति आसींद पूर्व एडीएम रामसुख, अध्यक्ष पोखर लाल पोसवाल, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल कुमावत, सचिव जालम सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह, निर्मल सिंह शेखावत व उदयलाल सहित पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## गोपाल सागर विद्यालय में पौधरोपण हुआ

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र के कानाखेडा पीईईओ क्षेत्राधीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोपाल सागर में हरियाली अमावस्या के अवसर पर शिक्षा विभाग की मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की महत्वपूर्ण योजना एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत विद्यालय में पौधरोपण व पौधे वितरित किये गये। पीईईओ कानाखेड़ा श्री अमरचंद के निर्देशन में शिक्षकों ने खरवा पौधशाला से पौधे लाकर विद्यर्थियों को वितरित किये और पौधे को अपने अपने घर पर लगाने व सुरक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई।विद्यालय के संस्था प्रधान केसर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ अधिक से अधिक वृक्षारोपण व पर्यावरण को हरा भरा रखने हेतु अपील की। कार्यक्रम में संस्था प्रधान केसर सिंह, धारा सिंह, दिनेश परोदा व संतोष पोसवाल आदि उपस्थित रहे।


**अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रियंका की ग्राम माखुपुरा पटेल कॉलोनी खसरा नं. 143 (वर्किंग नं. 138) भूखण्ड संख्या - में क्षेत्रफल 300.0 वर्ग गज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आंमत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। -उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पूरणमल कोरानी पुत्र वशीरमल कोरानी की ग्राम माकड़वाली के खसरा नं. 426,427,437, 438 भूखंड संख्या बी-39 में विशाल नगर बी ब्लॉक क्षेत्रफल 276.66 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। -उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर


# आनासागर एस्कैप चैनल का संकट- सडक़ों पर बह रहा पानी

- दुकानों पर ताले, प्रशासन के प्रयास नाकाफी
- एस्केप चैनल के नाले में गिरी गाय
- सिविल डिफेंस की टीम ने निकाला

**अजमेर,** (कासं)। शहर के बीचों बीच आनासागर एस्कैप चैनल से लगातार पानी का रिसाव अब आमजन के लिए मुसीबत बन चुका है। फव्वारा सर्किल से लेकर बजरंगगढ़ चौराहे तक सडक़ पर पानी भरने के कारण रास्ता बंद करना पड़ा है, जिससे क्षेत्रवासियों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते एक सप्ताह से हालात जस के तस हैं, लेकिन प्रशासन ने समस्या के स्थायी समाधान को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। वहीं अलवर गेट स्थित एस्केप चैनल से जुड़े नाले में एक गाय गिर गई। आनासागर की तरफ से आने वाले पानी के तेज बहाव से गाय बहती गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंच गई। सिविल डिफेंस की टीम ने तेज पानी के बहाव में रेस्क्यू कर गाय को नाले से बाहर निकाला। इस दौरान नगर निगम के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि 18 जुलाई के बाद से उनकी दुकानें बंद हैं, जिससे उनका कारोबार पूरी तरह ठप हो गया है। ग्राहक तो दूर की बात है, खुद दुकान तक पहुंचना भी मुश्किल है, एक दुकानदार हरीश कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा। इलाके में सीवर लाइन और नाले अवरुद्ध होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। शहर की अन्य कॉलोनियों में जहां पर पानी भरा हुआ है वहां पर मड पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। सागर विहार कॉलोनी, मोती विहार, आम का तालाब सहित अन्य कॉलोनियों से पानी की निकासी की जा रही है।

**सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को 24 घंटे के लिए तैनात :** प्रशासन ने सिविल डिफेंस के वॉलंटियर्स को 24 घंटे के लिए तैनात किया है। डिफेंस वॉलंटियर राम निवास ने बताया कि हालात बेहद चिंताजनक हैं और वे लोगों को मार्ग बंद होने की जानकारी दे रहे हैं ताकि कोई हादसा न हो। वहीं सिविल डिफेंस की आशा राठौड़ ने बताया कि पानी की आवक को देखते हुए अतिरिक्त वॉलंटियर्स की तैनाती की गई है। दूसरी ओर आस-पास के घरों में भी पानी भरा हुआ है, जिससे वहां रहने वाले लोग चिंतित हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी प्रभावित हैं, और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। चौंकाने वाली बात यह है कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नगर निगम की और से स्थायी समाधान की कोई पहल नहीं हुई। आनासागर स्केप चैनल बह गई गाय- जानकारी के अनुसार गुरुवार को अलवर गेट स्थित नाले में एक गाय गिर गई। स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर गौरक्षक भी मौके पर पहुंचे और गाय को निकालने का प्रयास किया।

बाद में सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस और नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंच गई। सिविल डिफेंस की टीम तुरंत रेस्क्यू किया और तेज पानी के बहाव में रस्सी के सहारे उतरकर गाय को नाले से तुरंत बाहर निकल गया। सिविल डिफेंस कर्मचारी अंतिमा ने बताया कि सूचना मिली थी कि अलवर गेट स्थित गाय के नाले में गिरने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर गाय को सुरक्षित निकाला गया। गाय का रेस्क्यू करने वाले सिविल डिफेंस के कर्मचारी ने बताया कि नाले में 4 फीट तक पानी था। नाले में पानी का बहाव भी तेज था। गाय आगे से बहते हुए आ रही थी। गाय सीवरेज के चेंबर के सहारे से रुक गई थी। तुरंत पानी में रस्सी से कूद कर रेस्क्यू किया गया। दीवार पर झाडियां होने के कारण समस्या भी ज्यादा होने लगी थी।

## जल परियोजनाओं की अभूतपूर्व घोषणाओं के कार्यों में तेजी लाएं

- लापरवाही बर्दाश्त नहीं, होगी सख्त कार्रवाई - मंत्री रावत

**अजमेर/ जयपुर,** (कासं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की अध्यक्षता में गुरुवार को इंदिरा गांधी नहर भवन में जल परियोजनाओं की प्रगति को लेकर अहम समीक्षा बैठक हुई। मंत्री रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पेयजल और सिंचाई की पर्याप्त जलापूर्ति के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जल सम्बंधी अभूतपूर्व बजट घोषणाओं को शीघ्र धरातल पर उतारना विभाग की सबसे प्रमुख जिम्मेदारी है, ताकि निर्धारित समय सीमा में प्रदेशवासियों को लाभ मिल सके। जल संसाधन मंत्री ने कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जल संरचनाओं के निर्माण को लेकर नियमित समीक्षा कर रहे हैं। अतः कार्यों की गति में तेजी लाएं, उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही बरतने और धीमी गति वाले अभियंताओं की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रावत ने परवन वृहद बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना की भौतिक प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने परियोजना में बांध निर्माण, पाइपलाइन, डिग्गी निर्माण और अन्य कार्यों में गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण से प्रभावितों के पुनर्वास की व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। कालीतीर लिफ्ट सहित सभी परियोजनाओं में डिग्गी निर्माण व अन्य कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। जल संसाधन मंत्री ने वर्षा जल के सुनियोजित प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बारिश से बांधों के भराव की जानकारी ली और सतर्कता और संवेदनशीलता से बचाव एवं राहत कार्य कराने के निर्देश दिए। रावत ने कार्यों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वीकृतियों में अनावश्यक देरी नहीं करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जल संसाधन विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग, सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग, एकीकृत ईआरसीपी की समीक्षा की गई।


**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

**आपत्ति सूचना**

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/187 दिनांक: 24.7.25

श्री शमीम नियाजी पुत्र श्री नसीम नियाजी निवासी खादिम मौहल्ला दरगाह शरीफ अजमेर एवं श्रीमती ताहिरा खान मौहम्मद बस्तीवाला पत्नी स्व. श्री खान मौहम्मद बस्तीवाला निवासी 302 दातार मेन्शन शिवाजी नगर-6 शिवाजी मार्ग वाकोला ब्रिज सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पास सान्ताक्रुज ईस्ट मुम्बई द्वारा एक जायदाद ए.एम.सी. नं. 481/7 पुराना 478/14 नया एवं ए.एम.सी. नं. 7/480 14/477 स्थित है पटवा गली नला बाजार अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 92.41 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : सम्पत्ति श्री छप्परवाल की व होटल राहत — पश्चिम: रास्ता आम पटवा गली एवं सम्पत्ति श्री माणक सोनी की

उत्तर : जायदाद श्री शुक्ला जी की — दक्षिण : सम्पत्ति श्री माणकलाल सोनी की व अन्य की सम्पत्ति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि किसी नी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

**आपत्ति सूचना**

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/185 दिनांक: 22.7.25

श्री भगवानदास पुत्र श्री गौतमदास निवासी 939/25 आशागंज राजेन्द्र स्कूल के पास अजमेर द्वारा एक जायदाद जिसका ए.एम.सी. नं. 29/91 33/95 जो वाके शेखा मौहल्ला डिग्गी बाजार, अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 113.80 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : गली रास्ता — पश्चिम: अन्य की जायदाद

उत्तर : जायदाद श्री गोविन्दराम पुत्र श्री सतुमल की — दक्षिण : जायदाद श्री श्याम पुत्र श्री चूहडमल की

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि किसी नी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

**आपत्ति सूचना**

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/186 दिनांक: 22.7.25

श्रीमती कविता पारवानी पत्नी श्री दीपक पारवानी एवं श्रीमती सिम्मी पारवानी पत्नी श्री राजकुमार निवासी 16-बी नेहरू नगर साईं बाबा मंदिर के पास अजयनगर अजमेर द्वारा एक जायदाद जिसका ए.एम.सी. नं. 93/20 13/1497 7/145 स्थित है जो वाके शेखा मौहल्ला के पास पन्नी ग्राम चौक जो वाके शेखा मौहल्ला डिग्गी बाजार, अजमेर में स्थि त है जिसका क्षेत्रफल 123.18 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : जायदाद श्री गोविन्दराम व भगवानदास जी की — पश्चिम: चौक व जायदाद श्री गनी बाई की

उत्तर : गली — दक्षिण : जायदाद श्री अप्पू भाई की

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि किसी नी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर


## हरियाली अमावस्या पर कल्पवृक्ष युगल का विधिवत पूजन

- चक्की वाले बाबा के मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, वृक्षारोपण का दिया संदेश

**नसीराबाद,** (निसं)। हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर राजगढ़ धाम स्थित चक्की वाले बाबा के मंदिर परिसर में राजा-रानी के कल्पवृक्ष युगल की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजन कार्यक्रम का नेतृत्व चम्पालाल महाराज ने परिवार सहित मंत्रोच्चारण के साथ किया। महाराज द्वारा राजा-रानी को वस्त्र अर्पित कर रक्षासूत्र बांधा गया और प्रसाद का भोग लगाकर आरती उतारी गई।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं व महिलाओं ने वृक्ष युगल की परिक्रमा करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की और रक्षासूत्र बांधकर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। धाम पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति के साथ शामिल हुए। रविवारीय मेले के दौरान भी हजारों श्रद्धालु इस कल्पवृक्ष की परिक्रमा कर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं। इस मौके पर वृक्षारोपण का भी विशेष महत्व रहा। 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत मंदिर परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में निरंतर पौधारोपण किया जा रहा है। चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाएं।

कार्यक्रम की सफल व्यवस्था में ओमप्रकाश सेन, अविनाश सेन, राहुल सेन, रमेश सेन, कैलाश चंद, ताराचंद, कपिल सेन, सागर सेन, मुकेश सेन, यश, मिलन, युवराज, वैभव, भव्य, मिताली, वंशिका, बुलबुल, विष्णुकांता, पुष्पा, डिम्पल, खुशबू, रेखा, राजकुमार त्रिपाठी, विजय सिंह रावत, प्रकाश रांका, कमल शर्मा, कन्हैयालाल, देवानंद, सत्यनारायण सेन, राजकुमार, अमिताभ, नवलकिशोर, पूनित, सुरेश, धर्मेंद्र, कैलाश सेन, विष्णु सेन, बी.एल. गोदारा, राजू चावड़ा, उज्ज्वल राठौड़, कमलेश सुनारीवाल, पदम जैन सहित अनेक सेवाभावी लोगों का विशेष योगदान रहा।

## पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। मंगला परिवार की और से सावन माह में पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव के जलाभिषेक किया। प्रकाश राठी ने बताया की पं देवीलाल शास्त्री के सानिध्य में हरिद्वार से लाए गये गंगाजल से सहस्त्रधारा का विधिवत शुभारंभ हुआ। भोलेनाथ का श्रृंगार व भजन कीर्तन आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर समाजसेवी गणेश राठी, चंदू अगरवाल, विजय दरगड़, रामप्रकाश शर्मा, शिव कामदार, कैलाश पंडित, नंदलाल सैनी, श्याम माहेश्वरी, ओमप्रकाश राजपुरोहित, अभिषेक राठी, श्रीनिवास अगरवाल, लीलाराम, अजीत सिंहल, मोहन, रामप्रकाश अगरवाल, मनीष राठी, त्रिलोक दरगड़, दिनेश लखोटिया, रमेश अगरवाल, विनोद अगरवाल, परितोष विजयवर्गीय, राहुल शर्मा, रक्षा झंवर, बिशना अगरवाल, प्रियंका अगरवाल, पुजारी नारायण गौड, प्रभा चौधरी, ललिता अगरवाल, मंजू, मीनाक्षी अगरवाल, रिंकी अगरवाल, सरोज तंवर, संजना जांगिड़, सिमरन वकील, श्रीजी यादव, मैना जांगिड़, सुशीला, पुष्पा, मीनू, पदमा सोनी, विशाखा, सारिका, बबीता, आरती, रेखी, बबीता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# त्रयोदशी पुष्कर अरण्य यात्रा का दिव्य समापन

**पुष्कर,** (निसं)। हरियाली अमावस्या को अपराह्न 3:30 बजे यात्रा का समापन ब्रह्म घाट पर वेद मूर्ति पंडित गंगाधर शास्त्री द्वारा सरोवर पूजन पुष्कर अरण्यतीर्थ से लाए गये पवित्र जल, पंचगव्य आदि से अमृताभिषेक आरती के बाद समापन हुआ। स्वस्तिवाचन एवं अभिषेक के समय इंद्रदेव ने फुहार कर वर्षा की, आशीष प्रदान किया। बुढा पुष्कर पर रात्रि विश्राम, बालाजी मंदिर पर भोजन कर दीप यज्ञ किया गया था। प्रात: 7:00 बजे लगभग 600 लोगों ने देव तर्पण, ऋषि तर्पण, पितृ तर्पण, दिव्य पितृ तर्पण, देव तर्पण, शहीदों व प्रकृति को तर्पण हुआ। आपो हिष्टा मयो आदि मंत्रों से मार्जन किया गया। पदयात्रा गया कुंड, मध्य पुष्कर, बटबाय गणेश, कपिल कुंड, विष्णु पदी, पंचकुंड, आदि नाग पहाड़ के तीर्थो के दर्शन पूजन के बाद ब्रह्म सरोवर पहुंची। रथ यात्रा माकड़ वाली, पंचशील, गौरीकुंड, पहुंचा।दूसरा रथ अजगंध महादेव पहुंचकर महाभिषेक तर्पण मार्जन किया गया। अजगंध महादेव पर महा अभिषेक और तर्पण यज्ञ किया गया। बूढ़ा पुष्कर, गया कुंड, अजगंध महादेव मंदिर, कुंड आदि स्थान की सफाई के बाद टोली अजय पाल के बीच टूटी सड़क एवं अवरुद्ध मार्ग को खोला गया, इसमें नगर परिषद का भी सहयोग मिला।

जगह-जगह वृक्षारोपण किया गया। शांतिकुंज से हिमालय के शक्तिपीठों पर साधना करने वाले कुलदीप सिंह की राणावत, जज साहब सतीश जी कौशिक, ओम प्रकाश जी अठावाल मुख्य प्रबंधक और जॉन प्रभारी राजस्थान आदि ने बूढ़ा पुष्कर, अजगंध महादेव, गौरीकुंड, ब्रह्मकुंड, आदि में विशेष पूजा की पंडित घनश्याम पालीवाल रतनलाल उपाध्याय ने पूजन तर्पण किया गया। बूढ़ा पुष्कर पर रमेश बोहरा अजमेर के सोजन्य से भोजन प्रसादी की व्यवस्था हुई। समापन पर एक सहस्त्र लोगों का भोजन ओम प्रकाश अठावाल सतीश जी भाटी द्वारा किया गया। अंत तक 500 से अधिक घरों में यज्ञ 108 से अधिक शिवाभिषेक पांच दिनों में हुए। पदयात्रा प्रभारी साहब सिंह, भोजन व्यवस्था सीताराम जी व निर्मला पारीक, आवास व्यवस्था श्याम सिंह सूर्य प्रकाश, यज्ञ कर्मकांड नरेश साहू डेमन साहू, रथ यात्रा प्रभा लक्ष्मण सिंह रतनलाल सुखराम जी रमेश नागर, मीडिया सुरेश वैष्णव ने कार्यभार निभाया। सबसे बड़ी बात यह रही प्रकृति की बड़ी कृपा रही सरोवर पूर्ण भरे हुए हैं और पांचवा दिन प्रकृति का आशीर्वाद रहा कहीं कोई परेशानी किसी यात्री को कोई नहीं हुई। पांचो दिन वातावरण बहुत शानदार रहा और सभी यात्रियों ने आनंद के साथ अपनी यात्रा पूर्ण करी। पुष्कर अरण्य तीर्थ के सभी देवालयों शिवालयों में पूजन अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने प्रार्थना की कि सतयुग का यह तीर्थ जागृत हो और विश्व में शांति हो।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय तहसीलदार,अजमेर**

idr.ajmer@rajasthan.gov.in idrajmer@gmail.com

क्रमांक: भू.अ./135-2/2025/6430 **-सार्वजनिक सूचना-** दिनांक: 23.7.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि-प्रार्थी श्रीमती केसर देवी पत्नी स्व. बंशीलाल निवासी एकता कॉलोनी, जैसलमेर हाऊस के सामने कल्याणीपुरा रोड वार्ड नं. 52 गुलाबबाड़ी अजमेर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने ससुर स्व. श्री रतनलाल पुत्र कन्हैयालाल द्वारा अपने पुत्र बंशीलाल के पक्ष में की गई पंजीबद्ध वसीयत दिनांक 12.02.1980 के आधार पर नामान्तरण दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। पटवारी हल्का किरानीपुरा की रिपोर्ट अनुसार-प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत वसीयतनामा दिनांक 12.02.1980 की छायाप्रति अनुसार रतनलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति माली निवासी गुलाबबाड़ी, अजमेर ने अपने पुत्र बंशीलाल के हक में वसीयत की गई है एवं ग्राम किरानीपुरा की जमाबंदी खाता संख्या 516 ख०न० कितान 05 कुल रकबा 0.87 है० खातेदार रतनलाल पुत्र काना जाति माली के नाम खातेदारी दर्ज है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत बंशीलाल के सजरे अनुसार बंशीलाल के एक पत्नी व चार पुत्र राजेन्द्र, प्रहलाद, नौरत, महेन्द्र व तीन पुत्रियां मुन्नीदेवी, शीला, सूरजदेवी को वारिसान बताया है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत वसीयतनामे में वसीयतकर्ता के दो पुत्र बंशीलाल व बिहारीलाल को बताया गया है एवं वसीयत केवल एक पुत्र बंशीलाल के पक्ष में की गई है। अतः यदि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पंजिकृत वसीयतनामा दिनांक 12.02.1980 को अंतिम मानते हुए उनके आधार पर उक्त वसीयतनामे के अनुसार नामान्तरणकरण किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिया जायेगा। सूचित रहे। -तहसीलदार, अजमेर



**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र के आर्मी नं. 14852644M रैंक-SEP/MT नाम-ARUNPAL SINGH है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम SHRI TEJ SINGH दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम TEJ SINGH SONGARA से जाना जाये।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र के आर्मी नं. 14852644M रैंक-SEP/MT नाम-ARUNPAL SINGH है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम NAND KUWAR दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम NAND KUN-WAR से जाना जाये।

**आम सूचना**

मेरे पिता उगमा पुत्र घीसा जाट निवासी टिकावड़ा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 01 जनवरी 2000 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी। प्रार्थी- सांवरलाल पुत्र उगमा जाट


# हरियाली तीज पर लगाएंगे 9 लाख 25 हजार से अधिक पौधे

- हरियाळो राजस्थान मिशन
- 27 जुलाई को हरियाली तीज के अवसर पर जिला स्तरीय वन महोत्सव के अन्तर्गत विशेष वृक्षारोपण का महाअभियान आयोजित किया जा रहा हैं

**अजमेर,** (कासं)। मिशन हरियाळो राजस्थान के अन्तर्गत हरियाली तीज, 27 जुलाई को जिले में 9 लाख 25 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के दिशा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार 27 जुलाई को हरियाली तीज के अवसर पर जिला स्तरीय वन महोत्सव के अन्तर्गत विशेष वृक्षारोपण का महाअभियान आयोजित किया जा रहा हैं। इसके लिए जन प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, गैर सरकारी संगठनों, निजी संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, मीडिया, एनसीसी, स्काउट्स तथा आमजन के सहयोग से जिला मुख्यालय, उपखण्ड, पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अजमेर जिले को आवंटित लक्ष्य 9 लाख के मुकाबले 9 लाख 25 हजार पौधों का पौधारोपण कराकर मिशन हरियाळो राजस्थान को सफल बनाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के सफल आयोजन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये समस्त विभागवार लक्ष्य अनुसार पौधारोपण की मॉनिटरिंग करेगें। इसी प्रकार जिला स्तर पर आयोजित वन महोत्सव के प्रभारी अधिकारी उप वन संरक्षक होगें। ये निर्धारित कार्यक्रम से पूर्व पौधारोपण की अग्रिम तैयारी करना सुनिश्चित करेगें।

उन्होंने बताया कि उपखण्ड स्तर पर आयोजित वन महोत्सव के प्रभारी अधिकारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी होंगे एवं लक्ष्य अनुसार पौधारोपण किया जाना सुनिश्चित करेंगें। जिला स्तरीय एवं उपखण्ड वन महोत्सव की ड्रॉन द्वारा वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। साथ ही वन महोत्सव अभियान के दौरान किए गए समस्त पौधारोपण को संबंधित विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान एप्प पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वन महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभागवार लक्ष्य आवंटित किए गए है। वन विभाग द्वारा एक लाख 50 हजार, नगरीय निकायों द्वारा एक लाख 55 हजार, अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा 40 हजार, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 2 लाख 10 हजार, शिक्षा विभाग द्वारा 2 लाख 50 हजार तथा अन्य विभागों द्वारा एक लाख 20 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इसमें से अजमेर नगर निगम के माध्यम से 55 हजार, किशनगढ़ नगर परिषद, केकड़ी नगर पालिका, पुष्कर नगर पालिका के माध्यम से 20-20 हजार, सरवाड़ नगर पालिका, पीसांगन नगर पालिका, सावर नगर पालिका तथा नसीराबाद नगर पालिका के माध्यम से 10-10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण में 30 हजार, अरांई में 20 हजार, भिनाय में 30 हजार, केकड़ी, पीसांगन, सरवाड़, सावर, श्रीनगर में 20-20 हजार तथा किशनगढ़ सिलोरा में 30 हजार पौधे लगाए जाएंगे। न्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रत्येक पंचायत समिति में 25-25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

## संगम समूह निशुल्क पौधा वितरण का द्वितीय चरण आज से

**भीलवाड़ा।** संगम उद्योग समूह द्वारा पौधा वितरण अभियान के द्वितीय चरण का आज 25 जुलाई से पुन: शुभारंभ होगा जिसके तहत 27 जुलाई तक प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से सोनी अस्पताल परिसर में आमजन, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों के लिए नि:शुल्क पौधों का वितरण होगा। पौधा वितरण प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि पौधा वितरण हेतु अन्य नर्सरीयों से छायादार फलदार फूलदार क्यारी एवं गमले के और पौधे मंगवाए गए हैं। पौधा वितरण प्रात: 8 से 10 बजे तक आमजनो एवं 11 से 4 बजे तक विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों को दिए जाएंगे। संगम समूह के चेयरमैन रामपाल सोनी ने बताया कि यह अभियान केवल वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य हरियाली को स्थायी रूप से बढ़ावा देना और आमजन को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना है। संगम समूह पिछले 9 वर्षों से लगातार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है। ट्री गार्ड वितरण प्रभारी हिम्मत पारीक एवं मुकेश अजमेरा ने बताया कि पूर्व में आवेदन कर चुके लाभार्थियों को दूरभाष के माध्यम से सूचना देकर ट्री गार्ड उपलब्ध करवाए जा रहे है।


**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राज0)**

भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टेंड के पास

E-mail ID-combgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com Telephone No. 01483-223079

क्रमांक/न०पा०गु०/2025/710-11 दिनांक- 23.07.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका गुलाबपुरा क्षेत्र में नामान्तरण/निर्माण-स्वीकृति के लिए निम्नानुसार आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम-खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजों के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है। बाद मियाद आवेदक (अंतिम क्रेता) के पक्ष में नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति की कार्यवाही कर दी जावेगी।

उजरदारी नोटिस

| क. सं. | नाम आवेदक | आराजीनं | भूखंड संख्या | साईज | क्षेत्रफल | भूखंड के पडौस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री शिवराज कलाल पुत्र श्री ताराचंद मेवाड़ा, गुलाबपुरा | - | 47 | 25x40 | 111.11 | पूर्व- भूखण्ड संख्या 38 स्थित। पश्चिम- आमरास्ता 30 फीट स्थित। उत्तर- भूखण्ड संख्या 46 स्थित। दक्षिण- भूखण्ड संख्या 48 स्थित। |

अतः इस सूचना के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण-स्वीकृति/भूखण्ड हस्तान्तरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को सलंग्न करते हुए एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। पत्रावली एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस के समय देखा जा सकता है।

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका गुलाबपुरा

**इकाई कार्यालय, रीको वैशाली नगर, अजमेर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औद्योगिक क्षेत्र परबतपुरा, माखुपुरा विस्तार में स्थित रिको हाउसिंग कॉलोनी के भूखण्ड संख्या सी-50, क्षेत्रफल 108 वर्गमीटर का आवंटन, आवंटन पत्र क्रमांक RM/AJM/LAND/1731 दिनांक 16.07.2005 को श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण निवासी c/o श्री उड्डा राम वितानिया, गवर्नमेंट हाई स्कूल के सामने, सहेली भवन के पास, माखुपुरा, अजमेर को किया गया था। जिसकी लीज डीड का निष्पादन दिनांक 12.02.2007 को करवाया गया था, जिसका पंजीयन उप-पंजीयक अजमेर द्वितीय में पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 70 पृष्ठ संख्या 108 एवं क्रम संख्या 2007000892 पर दिनांक 13.02.2007 को किया गया था तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 279 के पृष्ठ संख्या 55 से 65 पर चस्पा किया गया है। इसके उपरांत उपरोक्त भूखण्ड सी-50 श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण द्वारा श्री दलवीर सिंह पुत्र स्व. श्री भगवान सिंह को विक्रय किया गया, जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन उप-पंजीयक अजमेर द्वितीय में पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 227 पृष्ठ संख्या 65 एवं क्रम संख्या 2011000996 पर दिनांक 04.02.2011 को किया गया था तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 906 के पृष्ठ संख्या 131 से 140 पर चस्पा किया गया है। भूखण्ड के संबंध में क्रेता द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जमा करवाते हुए सूचित किया गया है कि विक्रेता श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण की मृत्यु दिनांक 22.05.2018 को हो गयी है। अतः श्री दलवीर सिंह पुत्र स्व. श्री भगवान सिंह द्वारा रीको औद्योगिक क्षेत्र परबतपुरा माखुपुरा विस्तार में स्थित रीको हाउसिंग कॉलोनी के भूखण्ड संख्या सी-50 क्षेत्रफल 108 वर्गमीटर के लीज होल्ड राइट्स का हस्तांतरण अपने पक्ष में करवाने हेतु रीको कार्यालय, वैशाली नगर अजमेर में आवेदन मय स्वप्रमाणित शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। अतः समस्त हितधारकों, सभी वितीय संस्थानों/बैंक इत्यादि को सूचित किया जाता है कि औद्योगिक क्षेत्र परबतपुरा माखुपुरा विस्तार में स्थित रीको हाउसिंग कॉलोनी के भूखण्ड संख्या सी-50 क्षेत्रफल 108 वर्गमीटर के लीज होल्ड राइट्स का हस्तांतरण क्रेता श्री दलवीर सिंह पुत्र स्व. श्री भगवान सिंह के पक्ष में किये जाने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय संबंधित दस्तावेज के इकाई कार्यालय रीको, वैशाली नगर, अजमेर में प्रस्तु त कर दें, बिना किसी साक्ष्य के कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जाएगी, अन्यथा इस आम सूचना के प्रकाशन कि दिनांक से 30 दिवस के पश्चात उक्त भूखण्ड की लीज डीड का हस्तांतरण क्रेता श्री दलवीर सिंह पुत्र स्व. श्री भगवान सिंह के पक्ष में करने की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी, जिसमें रीको की कोई जिम्मेदारी नहीं रहेगी सनद रहे। -वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक रीको लिमिटेड, अजमेर